डॉ. साधना कपूर ने लंदन में ग्रहण किया ऑक्सफोर्ड अकादमी यूनियन का सम्मान

भोपाल, देशबन्धु। रामकृष्ण धर्मार्थ फाउंडेशन विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ. साधना कपूर को ऑक्सफोर्ड अकादमी यूनियन द्वारा ग्रैंड स्टार अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह आयोजन ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय, लंदन में गत 20 दिसंबर को हुआ।

डॉ. साधना को शिक्षा एवं जन कल्याण के लिए किए गए योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने ऑक्सफोर्ड विवि में जलवायु परिवर्तन पर भी अकादमिक व्याख्यान दिया। सम्मानित होने के बाद डॉ. साधना ने बताया कि ऑक्सफोर्ड विवि में आयोजित सम्मान समारोह से भारत में निजी विश्वविद्यालयों द्वारा किए कार्यों को महत्व मिला है व उनकी गरिमा बढ़ी है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालयों ने छात्रों को ग्रामीण परिवेश में समस्याओं के समाधान में किस प्रकार योगदान देना चाहिए यह भी सिखाने का प्रयास किया है। डॉ. साधना के साथ डॉ. सुनील कपूर और डॉ. शुची कपूर भी आयोजन में शामिल हुए। समारोह में आरकेडीएफ विश्वविद्यालय से संबंधित एक वृत्तचित्र का भी प्रदर्शन किया गया। आरकेडीएफ विवि ने जिन 5 गांवों को गोद लिया है, उनमें किस तरह की गतिविधियां संचालित हैं, इस पर भी प्रकाश डाला गया। डॉ.कपूर को सम्मानित किए जाने पर आरकेडीएफ विवि के कुलपति प्रोफेसर विजय अग्रवाल, महाप्रबंधक डॉ. बीएन सिंह, महानिदेशक- शोध प्रो.वी के सेठी, कुलसचिव डॉ. नरेंद्र लारिया, विभागाध्यक्ष फार्मेसी प्रो.एमएल कोरी, परीक्षा नियंत्रक प्रो. सुनील पाटिल, सीए ओ री योगराज सिंह, शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें बधाई संदेश प्रेषित किया है तथा कहा कि दूसरी बार यूरोपियन यूनियन द्वारा डॉ. साधना का सम्मान किया जाना विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है।

education update

साधना कपूर को ऑक्सफोर्ड विवि ने दिया ग्रेंड स्टार सक्सेस अवार्ड

भोपाल @ पत्रिका. मध्यप्रदेश के उत्कृष्ट शिक्षा संस्थानों में शुमार आरकेडीएफ विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ. साधना कपूर को उनके शिक्षा और समाज के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए लंदन की ऑक्सफार्ड यूनिवर्सिटी ने ग्रेंड स्टार सक्सेस अवार्ड दिया है। इस गौरवमयी क्षणों में आरकेडीएफ ग्रुप के चेयरमैन डॉ. सुनील कपूर को भी मंच पर बुलाया। डॉ. साधना कपूर को यह सम्मान अकादमिय यूनियन ऑक्सफोर्ड की ओर से यूनिवर्सिटी के सामाजिक कार्य, अकादमिक उन्नयन और अनुसंधान के क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन के चलते प्रदान किया गया है।